# शर्करा संस्थान के छात्रों को मिला ₹ 6 लाख तक का पैकेज

■ कानपुर (एसएनबी)।

राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में प्लेसमेंट अभियान का दूसरा चरण गुरुवार को समाप्त हुआ। संस्थान में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत कुल 140 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। संस्थान के पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम के छात्रों को जहां 3-6 लाख तक का वार्षिक पैकेज मिला है, वहीं प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के छात्रों को 1.80-2.50 लाख तक पैकेज हासिल हुआ है। प्लेसमेंट अभियान का तीसरा चरण 18 नवम्बर से आरंभ होगा।



एनएसआई निदेशक प्लेसमेंट अभियान में अतिथि को स्मृति चिह्न देते हुये।

संस्थान में प्लेसमेंट के लिए आने वाले प्रमुख समूहों में डीसीएम, श्रीराम लिमिटेड, उत्तम शुगर मिल्स लि., बलरामपुर शुगर मिल्स लि., ग्लोबल केनशुगर सर्विसेज प्रा.लि., डालमिया भारत शुगर मिल्स लि., बिरला शुगर्स, वीआरेएल आटोमेशन, शंकर शर्करा संकुल व धामपुर शुगर्स मिल आदि शामिल रहे। विभिन्न मशीनरी कंपनियों ने भी प्लेसमेंट दिये हैं। संस्थान के निदेशक प्रो. नरेन्द्र मोहन ने बताया कि शर्करा उद्योग की वित्तीय स्थिति को देखते हुए प्लेसमेंट की उपलब्धि पर संतोष जताया है। उन्होंने कहा कि इस उद्योग में छात्राओं को रोजगार देना किसी चुनौती से कम नहीं था लेकिन हमने इस मिथक को तोड़ा है। शर्करा तकनीकी (अंतिम वर्ष) की तीन छात्राओं अंकिता गुप्ता, अंशू सिंह व सुमन मौर्या एवं गुणवत्ता नियंत्रण व पर्यावरण विज्ञान की जाकिया असलम को प्लेसमेंट अभियान के प्रथम चरण में ही आकर्षक पैकेज मिल गया था।

प्लेसमेंट ऑफिसर व संस्थान के आचार्य प्रो. डी.स्वेन ने बताया कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुपालन के चलते शर्करा उद्योग में संबंधित कोर्सेस के छात्रों की मांग तेजी से बढ़ी है। गन्ना उत्पादकता व परिपक्वता प्रबंधन पाठ्यक्रम के छात्रों का भी शत-प्रतिशत चयन हो गया है।

# कैंपस प्लेसमेंट में छा गए एनएसआई के स्टूडेंट

## कैंपस में दो राउंड के प्लेसमेंट में करीब 140 स्टूडेंट्स को जॉब

**KANPUR (14 Nov):** नेशनल शुगर इंस्टीट्यूट में पहले दो राउंड के कैंपस प्लेसमेंट में ही 140 स्टूडेंट्स को नेशनल व मल्टीनेशनल कंपनियों ने जॉब ऑफर कर दी है. पीजी डिप्लोमा होल्डर्स स्टूडेंट्स को 3 से 6 लाख रुपए पर एनम का ऑफर लेटर दिया गया है. कुछ स्टूडेंट्स को विदेशी शुगर इंडस्ट्रीज ने भी जॉब आफर की है. यह पहला मौका है जब पहले दो राउंड में ही करीब 65 परसेंट स्टूडेंट्स को जॉब ऑफर लेटर मिल गया है.

### सबसे ज्यादा 6 लाख का पैकेज

इसजेक इंजीनियरिंग ने 3 मेरीटोरियस स्टूडेंट्स को 6 लाख रुपए पर एनम का कैंपस प्लेसमेंट ऑफर किया है. इसके अलावा शंकर शर्करा शंकुल कुशीनगर शुगर मिल ने एक स्टूडेंट्स को 6 लाख रुपए पर एनम का जॉब ऑफर लेटर दिया है. दो राउंड के कैंपस प्लेसमेंट में 140 स्टूडेंट्स को जॉब ऑफर लेटर शुगर इंडस्ट्री में मिला है.

### 80 परसेंट स्टूडेंट्स को...

थर्ड राउंड का कैंपस प्लेसमेंट 18 नवंबर से स्टार्ट हो जाएगा. यह कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव 30 नवंबर तक चलेगी. अभी करीब 100 स्टूडेंट्स कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में शिरकत करेंगे. सार्टिफिकेट कोर्स करने वाले स्टूडेंट्स को करीब दो लाख से पौने तीन लाख पर एनम का जॉब ऑफर लेटर मिला है. एनएसआई डायरेक्टर प्रो नरेन्द्र मोहन ने कहा बीते कुछ सालों से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव अच्छी जा रही है. इंडस्ट्री की डिमांड के अनुसार कुछ कोर्स भी स्टार्ट किए गए हैं.

# 140 छात्रों को मिली छह लाख पैकेज तक की जॉब

कानपुर | वरिष्ठ संवाददाता

राष्ट्रीय शर्करा संस्थान (एनएसआई) के 140 छात्र-छात्राओं को अलग-अलग कंपनियों में छह लाख रुपए तक के पैकेज की जॉब मिली है। इसमें पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स के छात्रों को तीन से छह लाख रुपए और प्रमाणपत्र कोर्स के छात्रों को 1.80 से 2.50 लाख रुपए तक का पैकेज मिला है। यह जॉब संस्थान में दूसरे चरण के प्लेसमेंट में मिला है। संस्थान में 18 नवंबर से तीसरे चरण का प्लेसमेंट अभियान शुरू होगा।

राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन ने बताया कि दूसरे चरण के प्लेसमेंट अभियान में देश की विभिन्न चीनी मिल, आसवनियों, शर्करा एवं इससे संबद्ध उद्योग व मशीनरी निर्माता संस्थानों से प्रतिनिधि आए थे। प्रो. डी स्वेन ने बताया कि गुणवत्ता नियंत्रण एवं पर्यावरण विज्ञान पाठ्यक्रम में जिन छात्रों ने जुलाई 2019 में प्रवेश लिया था, सभी को जॉब मिल गई है।

**एनएसआई**

- राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में प्लेसमेंट का दूसरा चरण पूरा
- 18 नवंबर से तीसरे चरण का प्लेसमेंट अभियान शुरू होगा

# एनएसआई में 140 छात्रों को मिली नौकरियां

कानपुर। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान (एनएसआई) में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें 140 छात्र-छात्राओं को नौकरियां मिलीं। पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स के छात्रों को तीन से छह लाख रुपये और प्रमाणपत्र कोर्स के छात्रों को 1.80 से 2.50 लाख रुपये तक का पैकेज मिला है। संस्थान में डीसीएम श्रीराम लिमिटेड, उत्तम शुगर मिल्स लिमिटेड, बलरामपुर शुगर मिल्स लिमिटेड, वीआरएल आटोमेशन, ग्लोबल केनशुगर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, डालमिया भारत शुगर मिल्स लिमिटेड, बिरला शुगर्स, धामपुर शुगर मिल्स लिमिटेड के प्रतिनिधि प्लेसमेंट के लिए आए। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन ने बताया कि संस्थान में 18 नवंबर को तीसरे चरण का प्लेसमेंट होगा। प्रो. डी स्वेन ने बताया कि गुणवत्ता नियंत्रण एवं पर्यावरण विज्ञान पाठ्यक्रम में जिन छात्रों ने जुलाई 2019 में प्रवेश लिया था, सभी को जॉब मिल गई है।